रंग क्यों बदलता है गिरगिट

कई बार प्रकृति की किसी बात की वजह इतनी स्पष्ट रूप से 'समझ' में आती है कि हम उस पर दोबारा विचार करने की ज़रूरत तक नहीं समझते। आम तौर पर जीव-जंतुओं के व्यवहार के बारे में ऐसा ही होता है। जैसे गिरगिट का रंग बदलना। सब लोग फौरन सहमत हो जाते हैं कि गिरगिट अपने परिवेश में घुल-मिल जाने और छिपने के लिए रंग बदलता है। जैसे परिवेश में वह बैठा होगा, वैसा ही उसका रंग हो जाएगा। यह हमें इतना 'स्पष्ट' लगता है कि न तो हम अवलोकन की कोई ज़रूरत समझते हैं, ना ही इस 'कारण' की जांच-पड़ताल की।

अरस्तू का विचार था कि गिरगिट डर के मारे रंग बदलता है। और हम मानते हैं कि वह परिवेश में घुल-मिल जाने यानी *कैमोफ्लाज* के लिए ऐसा करता है। बहरहाल, हाल में दक्षिण अफ्रीका के गिरगिटों पर किए गए प्रयोग एकदम उल्ट कहानी कहते हैं।

दक्षिण अफ्रीका में बौने गिरगिट की 14 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें कई उप-प्रजातियां भी हैं। इन सब में रंग बदलने की अद्‌भुत क्षमता पाई जाती है। वैसे इनकी इस क्षमता में काफी विविधता है।

ये गिरगिट विभिन्न परिवेशों में रहते हैं। कुछ घास के मैदानों में तो कुछ बरसाती जंगलों में। ये अपने बाजू की चमड़ी का रंग बदलते हैं जिसके अलग-अलग कारण होते हैं। जैसे कुछ नर गिरगिट मादा को इशारा करने के लिए रंग बदलते हैं, तो कुछ गिरगिट अपनी आक्रामकता को प्रदर्शित करने के लिए। सवाल यह है कि रंग परिवर्तन का प्रमुख कारण क्या है- छिपना या ज़्यादा नज़र आना?

ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न विश्वविद्यालय के डेवी स्टुअर्ट-फॉक्स और अदनान मौसाल्ली ने 21 अलग-अलग उप-प्रजातियों के नर गिरगिटों का अध्ययन किया। अध्ययन के लिए उन्होंने इन अलग-अलग समूहों के नरों की भिड़ंत करवाई। उन्होंने यह भी ध्यान दिया कि प्रत्येक गिरगिट किस परिवेश में रहता है और रंग बदलने में किस तरह के रंग अपनाता है।

देखा गया कि जो गिरगिट ज़्यादा रंग-बिरंगे विविधतापूर्ण परिवेश से आए थे उनमें रंग परिवर्तन में बहुत विविधता नहीं थी। यदि वे इन रंगों का उपयोग परिवेश में छिपने के लिए करते होते, तो उनमें रंग परिवर्तन में भी काफी विविधता होनी चाहिए थी।

यह भी देखा गया कि सबसे ज़्यादा रंग परिवर्तन करने वाली प्रजातियां परिवेश में घुलने-मिलने की बजाय ज़्यादा अलग नज़र आती हैं।

तो इन अवलोकनों के आधार पर समूह का निष्कर्ष है कि गिरगिट रंग परिवर्तन का उपयोग सिर्फ छिपने के लिए नहीं करते। कभी-कभी रंग परिवर्तन परिवेश से अलग दिखने के लिए भी किया जाता है। ***(स्रोत विशेष फीचर्स)***